दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### ट्रैक्टर पलटने से ड्रायवर की दबकर मौत, एक अन्य घायल

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना सारंगढ़ अन्तर्गत दिनांक 10.12.19 को ग्राम अमझर भदरीडीपा में रहने वाला कार्तिक राम साहू पिता राधेराम उम्र 27 वर्ष गांव के लखन पटेल के स्वराज ट्रैक्टर मे बैठकर मिक्सर मशीन लेने अमलीडीपा जा रहा था। ट्रेक्टर को धनालाल मरार पिता फिरतराम उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम अमझर चलाते ले जा रहा था कि सुबह करीब 07:30 बजे भीमसेनडीह मेन रोड के पास धनालाल मरार ट्रेक्टर को लापरवाही पूर्वक चलाते पलटा दिया। जिससे में दबकर ड्रायवर धनाराम व कार्तिकराम घायल होकर बेहोश पडे थे जिन्हे डायल 112 वाहन के माध्यम से उपचार के लिये सिविल अस्पताल सारंगढ भेजा गया। अस्पताल में डॉक्टर द्वारा चेक कर धनालाल मरार की मृत्यु हो जाना बताया गया तथा ट्रैक्टर मे बैठे कार्तिकराम साहू के कमर मे काफी चोट आयी है। घटना के संबंध में थाना सारंगढ़ में आहत कार्तिकराम के चाचा के रिपोर्ट पर अप.क्र. 638/19 धारा 279,337,304 ए भादंवि का अपराध चालक धनालाल मरार के विरूद्ध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### बाईक शेरूम का ताला तोड़कर 2 लाख 90 हजार की चोरी

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** ग्राम कमरीद थाना सरिया निवासी भुवनेश्वर पटेल पिता चोकलाल पटेल भुवनेश्वर पटेल का बरमकेला के लेन्ध्रा रोड में मोटर सायकल पारस होण्डा शोरूम दुकान है। हर दिन की भांति भुवनेश्वर पटेल कल दिनांक 09/12/2019 को भी सुबह 08:30 बजे दुकान खोलकर शाम को 06:30 बजे दुकान बंद कर दिया। दिनांक 10/12/2019 को 08:15 बजे दुकान के बगल दुकानवाले रामकुमार बरेठ ने फोन करके बताया कि तुम्हारे दुकान का ताला टुटा है। तब भुवनेश्वर पटेल दुकान जाकर देखा दुकान का ताला टुटा था तथा अंदर दराज मे रखे करीब 2,90,000 रूपये को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। चोरी के आवेदन पर थाना बरमकेला में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 228/19 धारा 457, 380 भा.द.वि. कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### निर्वाचन व्यय लेखा जांच 12 एवं 17 दिसम्बर को

**» समस्त अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम रायगढ़ के वार्ड क्रमांक 01 से 48 वार्डो के प्रथम निर्वाचन व्यय लेखा जांच 12 दिसम्बर एवं द्वितीय निर्वाचन व्यय लेखा जांच 17 दिसम्बर को कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में प्रातः10.30 से शाम 5.30 बजे तक किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने नगर पालिक निगम रायगढ़ के समस्त अभ्यर्थियों को सूचित करते हुए कहा है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर स्वयं अथवा अपने निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से व्यय लेखा रजिस्टर मय समस्त दस्तावेज, बिल व्हाउचर्स सहित अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अनुपस्थिति को गंभीर चूक माना जाएगा।

### व्यय प्रेक्षक सुमंत साय कुरूवंशी के लिए लाइजनिंग आफिसर नियुक्त

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2019 के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायगढ़ एवं नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर के लिए संयुक्त संचालक सुमंत साय कुरूवंशी को व्यय प्रेक्षक बनाया गया है तथा उनके आवश्यक सहयोग हेतु नगर पालिक निगम रायगढ़ के राजस्व निरीक्षक रोहित मिर्रे मोबा.नंबर 91317-90507 को लाइजनिंग आफिसर नियुक्त किया गया है।

### 5 अशासकीय विद्यालय की मान्यता रद्द करने की अनुशंसा

**» 26 विद्यालयों पर किया गया जुर्माना**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** रायगढ़ जिले के अंतर्गत संचालित 102 मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय के सत्र 10-11 से 18-19 तक के बच्चों की प्रविष्टि करने तथा पासबुक व देयक की प्रविष्टि करने हेतु 6 दिसम्बर 2019 तक का समय दिया गया था। उक्त अवधि में कार्य पूर्ण न करने पर मान्यता समाप्ति की चेतावनी दी गई थी। 69 विद्यालयों द्वारा कार्य पूर्ण किया गया। किन्तु 33 विद्यालयों के द्वारा कार्य पूर्ण न करने के फलस्वरूप दिनांक 7 दिसम्बर 2019 को अनुश्रवण समिति की बैठक रखी गई। जिसमें 5 विद्यालय की मान्यता रद्द एवं 26 विद्यालय का जुर्माना अधिरोपित करने हेतु अनुशंसा किया गया। एक विद्यालय का कोट केश उच्च न्यायालय में विचाराधीन है।

# जमीन बटवारे के विवाद को लेकर ससुरालवालों ने की थी युवती की हत्या

**» देवरी में हुये अंधे कत्ल का खुलासा, हत्या के आरोप में पति, सास, ससुर, देवर, ननंद गिरफ्तार**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जमीन ज्यादाद की लालच में एक ही परिवार के 05 लोगों ने युवती की हत्या कर पुलिस को गुमराह करने के लिए शव को निर्वस्त्र घर के करीब झाडियों के पास सुखे नाला में फेंक दिया गया था। अंधे कत्ल के खुलासा करते हुये इस हत्या में सलिप्त 05 आरोपियों को भूपदेवपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 05.12.19 को थाना भूपदेवपुर अन्तर्गत ग्राम देवरी के कोटवार मोहर दास महंत के द्वारा थाना प्रभारी भूपदेवपुर को मोबाईल से सूचना दिया कि गांव के नकाईन मुडा तालाब के पास नाली झाडियों के बीच गांव की गंगोत्री बाई बघेल का लाश पडा है। सूचना पर थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक उत्तम कुमार साहू स्टाफ के साथ मौके पर जाकर तस्दीक किया गया। मौके पर मृतिका गंगोत्री बघेल पति मनोहर बघेल उम्र 26 वर्ष का शव निर्वस्त्र हालत में पानी निकासी हेतु बना सिमेंटेड निकासी नाली के अंदर झाडियों के बीच में संदिग्ध हालत में पाये जाने पर थाना प्रभारी




द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दिया गया। सूचना पर पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एस.डी.ओ.पी खरसिया, एफ.एस.एल. एवं सायबर सेल की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा मौके पर विवेचकगण को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया गया साथ ही अज्ञात आरोपी पतासाजी के लिये थाना खरसिया एवं पूंजीपथरा के स्टाफ को भी भूपदेवपुर पुलिस के साथ अज्ञात आरोपी पतासाजी के लिये आबद्ध किया गया। भूपदेवपुर पुलिस द्वारा घटना के संबंध में मर्ग कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही कर शव का पी0एम0 कराया गया, प्राप्त पी0एम0 रिपोर्ट में डाक्टर द्वारा मृतिका की मृत्यु सिर शरीर में अंदरूनी गंभीर चोंट आने से मृत्यु होना लेख किया गया है जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 198/19 धारा 302,201,34 भा0द0वि0 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना दरम्यान मृतिका के मायके पक्ष तथा गवाहों से पूछताछ में पता चलाकि मृतिका के ससुर हीरालाल की तीन पत्नियां थी। जिसमें से तिहारिन बाई जीवित है। मृतिका के पति मनोहर की मां फौत हो चुकी है। मृतिका गंगोत्री बाई एवं उसके ससुराल पक्ष का जमीन बटवारा को लेकर विवाद काफी दिनो से चल रहा था जिसके कारण गंगोत्री अपने पति मनोहर को साथ लेकर अपने मायके चली गई थी। घटना के करीब 07-08 दिन पहले ससुराल वाले बटवारा देगे कहकर मनोहर एवं गंगोत्री को वापस बुलवाये थे। 01-02 दिन सामान्य रहने के बाद फिर ससुर हीरालाल एवं सास तिहारीन बाई लडाई झगडा करने लगे तथा जमीन जायजाद का हिस्सा बटवारा नही मिलेगा कहकर घर से निकल जाओ बोले थे। तब गंगोत्री बाई सगा समाज को बुलाकर मिटिंग करायी। वहां भी हीरालाल एवं उसकी पत्नि एवं बेटा सुनील, कौशिल्या के द्वारा जमीन का बटवारा नही देगें कहकर लडाई झगडा किये थे।

मृतिका गंगोत्री का शव नाला में मिलने उपरांत उसके पति मनोहर, सास तिहारीन देवर, देवर सुनील, ननंद कौशिल्य एवं ससुर हीरालाल से घटना के संबंध में कई बार विस्तृत पूछताछ किया गया। उनके द्वारा लगातार अलग-अलग काहानी बनाया जा रहा था, जिससे पुलिस का संदेह स्पष्ट होता गया, आखिरकार आरोपियों ने यह स्वीकार किया जिससे यह बात सामने आयी कि दिनांक 04.12.19 को मृतिका के पति, सास, ससुर, देवर एवं ननद द्वारा घर में झगड़ा विवाद कर गंगोत्री से गुत्थम-गुत्था मारपीट कर उसके सिर को दिवाल पर टकराया गया था जिससे उसके सिर पीछे कई जगह अन्दरूनी चोट आया था जिससे उसकी मृत्यु हुई थी। आरोपियों द्वारा पुलिस को गुमराह करने की ?नियत से शव को निर्वस्त्र कर नकाईन मुडा तालाब के पास नाली झाडियों के बीच ले जाकर फेंक दिये थे। आरोपीगण के विरूद्ध अपराध घटित करने का पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से आज दिनांक 10.12.2019 को आरोपी मृतिका का पति मनोहर बघेल 30 साल, सास तिहारीन बाई 50 साल, देवर सुनील बघेल 25 साल, ननंद कौशिल्या 19 साल एवं ससुर हीरालाल बघेल 56 साल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## अवैध संबंधों को लेकर की गई थी महिला की हत्या, आरोपी को गिरफ्तार

**» ग्राम कर्राहन (लैलूंगा) में दो दिन पहले मिला था महिला का शव » मर्ग जांच में हुआ हत्या उजागर**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना लैलूंगा अन्तर्गत ग्राम कर्राहन लुगानारा भदरा में मृतिका शांति सिदार पति स्व0 धोबाराम सिदार उम्र 37 साल सा0 कर्राहन का शव मिलने की सूचना दिनांक 08.12.19 की रात्रि थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक किरण गुप्ता को मिला। सूचना पर टीआई लैलूंगा अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचकर घटनास्थल, शव का निरीक्षण किया गया। मृतिका के जबड़ा में चोट का निशान था। मौके पर शव पंचनामा कर शव को पी.एम. के लिये भेजा गया था जिसका पी.एम. रिपोर्ट प्राप्त किया गया है। पी.एम. रिपोर्ट पर मृतिका की मृत्यु गला दबाकर, प्रकृति हत्यात्मक लेख होना पाये जाने पर आज दिनांक 10.12.19 को अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 272/19 धारा 302 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




जानकारी के अनुसार मृतिका की लड़की व सूचनाकर्ता कु0 बनिता सिदार पिता स्व0 धोबाराम सिदार उम्र 15 साल बतायी कि दिनांक 30/11/2019 के करीब 05/00 बजे शाम के समय इसे इसकी मां शांति सिदार बतायी कि गांव का पदुम गुप्ता सोना का पदक लैलूंगा में खरीद दूंगा बोला है। तब दोनों मां बेटी लैलूंगा जाने के लिये निकले। रास्ते में इसके मां के मोबाईल में पदुम गुप्ता का फोन आया तो इसकी मां इसे वापस घर जाने के लिये बोली और यह वापस घर आ गई थी। मां रात में तथा दूसरे दिन भी वापस घर नहीं आने पर अपने मामा गोपाल सिदार और आसपास रिश्तेदारों में पता करने के लिये बतायी थी। बालिका के मामा गोपाल सिदार द्वारा दिनांक 06.12 2019 को थाना लैलूंगा में उसकी बहन शांति सिदार के गुम हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था जिस पर गुम इंसान क्रमांक 52/19 दर्ज कर जांच में लिया गया था।

दिनांक 08.12.19 को मवेशी चराने वाले लूगानारा भदरा में एक महिला का लाश पडा है कहकर गांव कर्राहन में बताया था जिस पर मृतिका के घर वाले जाकर शव को देखें और पहचान किए तथा मृतिका की लड़की द्वारा थाना लैलूंगा में मर्ग रिपोर्ट दर्ज कराया गया था।

लैलूंगा पुलिस ने संदेही पदुम गुप्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया तो उसने बताया कि मृतिका शांति सिदार से पूर्व परिचित है, यह उसकी मदद करता रहता है। शांति सिदार सोना का पदक खरीद देने के लिये बोल रही थी जिसे, ठीक है ले दूंगा बोला था। दिनांक 30/11/19 के शाम शांति सिदार मिली और लैलूंगा से सोना का पदक खरीद दो कहकर जीद करने लगी, समझाने पर नहीं मानी तो कर्राहन बस्ती के लुगानारा भदरा में उसका गला दबाकर हत्या कर दिया और पत्थर से उसके जबडा में मारा था। आरोपी के अपराध कबूलनामे के बाद आरोपी पदुम गुप्ता पिता दिनबंधु गुप्ता उम्र 40 साल निवासी गेरूपानी कर्राहन थाना लैलूंगा को गिरफ्तार कर आज रिमांड पर भेजा गया है।

## मानवाधिकार के सम्मान एवं समर्थन का संकल्प



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** राष्ट्रीय मानवाधिकार के अवसर पर आज दिनांक 10 दिसंबर 2019 को वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशन पर सभी थाना चौकियों में पुलिस अधिकारी एवं जवानों द्वारा मानवाधिकार के पालन करने एवं समर्थन का शपथ लिया गया है। पुलिस कार्यालय में कार्यरत सभी अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा मानव अधिकार के सम्मान एवं समर्थन का संकल्प लिया गया। पुलिस कार्यालय के प्रांगण में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एवं ए.एच.टी.यु. रायगढ़ बेनेडिक्ट मिंज द्वारा पुलिस कार्यालय के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को मानवाधिकार की शपथ दिलाया गया है।

## कलेक्टोरेट में अधिकारी एवं कर्मचारियों ने ली मानव अधिकार की प्रतिज्ञा

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के अवसर पर कलेक्टोरेट कार्यालय रायगढ़ में डिप्टी कलेक्टर श्रवण कुमार टंडन ने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को मानव अधिकारों को पूर्ण विश्वास एवं निष्ठा के साथ धारण करने की प्रतिज्ञा दिलवाई। प्रतिज्ञा में मानव अधिकारों का संरक्षण एवं संवर्धन में अपना पूरा कर्तव्य निभाने तथा किसी प्रकार के भेदभाव के बिना सभी मानव अधिकारों का सम्मान एवं समर्थन करने और प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी व्यक्ति के मानव अधिकार का अपने विचार शब्द या कार्य से



नुकसान नहीं पहुंचाने की शपथ ली गई। इस अवसर पर कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चार ओवरलोडिंग वाहनों से वसूला गया 1 लाख 28 हजार का जुर्माना

**इन वाहन चालकों पर हुई कार्यवाही**

(1) आनंद साय पिता नारायण साय उम्र 41 वर्ष निवासी रायगढ़
(2) अनिल दास पिता चिरामन दास उम्र 30 साल निवासी झारखंड
(3) अरविंद लोहार पिता जनकधारी लोहार उम्र 32 साल निवासी झारखंड
(4) सोमनाथ सिंह पिता महेश्वर सिंह उम्र 32 साल निवासी झारखंड




**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन पर सभी थाना/चौकी क्षेत्रों में पुलिस स्टाफ द्वारा अवैध धान के परिवहन पर रोक लगाने के लिये मुख्य मार्गो पर वाहनों की सघन जांच किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 08.12.2019 की रात्रि करीब 11:30 बजे थाना प्रभारी सरिया प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक जितेंद्र चंद्रवंशी द्वारा स्टाफ के साथ वाहनों को चेककिया जा रहा था। इसी दौरान 04 डंफर में गिट्टी लोड होकर कटंगपाली से रायगढ़ जा रही थी जिसे भटली चौक के पास रोककर चेक कर किया गया। वाहनों के दस्तावेज सही पाए गए किंतु वाहन में क्षमता से अधिक माल लोड था जिस पर धारा 113(3)/194(1) एमव्ही एक्ट के तहत इस्तगासा तैयार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। आज दिनांक 10.12.19 को वाहन के चालक न्यायालय पहुंचे जहां माननीय न्यायालय द्वारा एक डम्फर पर रू. 38,000 तथा शेष तीन पर 30000-30000 रूपये का जुर्माना किया गया है।

## धान खरीदी में आयी तेजी और किसानों के चेहरे पर खुशी

**» किसानों का हित सर्वोपरि- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल**

**» धान खरीदी केन्द्र लोईंग में बड़ी संख्या में धान का विक्रय करने पहुंचे किसान**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** धान खरीदी केन्द्र सेवा सहकारी समिति लोईंग में आज बड़ी संख्या में समर्थन मूल्य में धान का विक्रय करने पहुंचे किसानों के चेहरों पर खुशी थी। जिले में धान खरीदी में तेजी आयी है और किसान टोकन लेकर अपने धान की तौलाई करा रहे थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि किसानों का हित सर्वोपरि है और किसानों को राज्य शासन पर पूरा भरोसा है। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया है कि किसानों के हितों का पूरा ध्यान



रखा जाएगा और उन्हें कोई परेशानी नहीं होगी। राज्य शासन किसानों से प्रति एकड़ 15 क्विंटल के मान से धान खरीदी कर रही है। इसके लिए धान खरीदी का समय या धान खरीदी किश्तों की संख्या बढ़ाई जाएगी। केन्द्र शासन द्वारा धान के लिए 1815 रुपये का समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। खरीदी की राशि किसानों के खाते में जमा की जा रही है। राज्य शासन की ओर से किए गए वादे के अनुसार नई योजना बनाकर अंतर राशि का भुगतान करते हुए 2500 रुपए धान की कीमत दी जाएगी।

महापल्ली निवासी बुजुर्ग किसान दशरथ गुप्ता ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बताया कि खेती-किसानी ही उनके आजीविका का साधन है और आज वे यहां अपने सवा तीन एकड़ की जमीन के 32 क्विंटल धान बेचने आये है। उन्होंने धान खरीदी केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं के प्रति संतोष जाहिर किया। महापल्ली के किसान शेष चरण गुप्ता ने बताया कि उनकी 12 एकड़ जमीन है और वे 50 क्विंटल धान बेचने आये है। वहीं डूमरपाली के लोकनाथ ने बताया कि आज वे 48 क्विंटल धान बेचने आये है। महापल्ली के लक्ष्मीप्रसाद 36 क्विंटल, तरंग राम विश्वाल 28 क्विंटल धान का विक्रय करने लेकर आये थे। धान खरीदी केन्द्र में पेयजल, किसानों के बैठने के लिए व्यवस्था, बारदानों की उपलब्धता, तराजू-बाट सेट, प्राथमिक उपचार की पेटी, कम्प्यूटर की व्यवस्था की गई थी। किसान कतार में खड़े होकर बारी-बारी से अपने धान की तौलाई करा रहे थे।

## लायनेस क्लब दिव्य ऊर्जा ने नंदा पब्लिक मुक बधिर स्कूल में मनाया अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस

**» स्वेटर, मोजे, फल, बिस्कुट, सिलाई मशीन, वृक्षारोपण हेतु पौधे, आदि सामग्री भेट किये**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** समाज सेवा में अग्रणी लायनेस क्लब दिव्य ऊर्जा द्वारा चेयरपर्सन लायनेस अंजू बंसल द्वारा डिस्ट्रिक्ट सचिव व चेयरपर्सन कोर्डिनेटर लायनेस अनीता कपूर के मार्गदर्शन पर क्लब के स्थायी प्रोजेक्ट मूक बधिर सेवा के तहत बड़गांव मे स्थित मुक बधिर नंदा सर्कुलेशन संस्थान में बच्चों को ठंड से निजात दिलाने हेतु 105 बच्चों को स्वेटर, मोजे तथा एक सिलाई मशीन प्रदान की गयी, बच्चों में फल तथा बिस्कुट का वितरण भी किया गया. जिसे पाकर बच्चे अत्यधिक खुश नजर आ रहे थे.क्लब के इस कार्य की पूरे स्टाफ के सदस्यों ने सराहना की.



नंदा स्कूल के बच्चों के द्वारा बहुत बढ़िया सास्कृतिक प्रोग्राम की प्रस्तुति दी गई डि सचिव अनीता कपूर जी ने अपने उद्बोधन में बच्चों के मानसिक व शारिरिक विकास हेतु आयोजित संस्कृतिक कार्यक्म की सराहना की तथा आश्वासन दिया की समय समय पर हमारी संस्था बच्चो की आवश्यकतानुसार यथा संभव अपना सहयोग देती रहेगी।

नंदा सर्कुलेशन की अध्यक्ष लायनेस उषा अग्रवाल जी के नेतृत्व मे बच्चो के द्वारा धार्मिक एकता बनाये रखने को लेकर प्रेरणादायक नाटक की प्रस्तूती दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता लायनेस मीरा पासवास द्वारा की गई विशेष सहयोग गायत्री अग्रवाल जी, सुचि अग्रवाल, रेखा केसरी, जी का रहा तथा कार्यक्म को सफल बनाने मे सचिव सुमिता पाडे, कोषाध्यक्ष अंजू बंसल, आशा अग्रवाल, शशि सिघानिया, वंदिता घोराई, रंजना बैस मंजरी गुरु, बीना चौहथा आदि की सराहनीय उपस्थिति रही।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480